◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

रक्षा

सालीवाला में पराली से भरे चलते ट्रॉले में लगी भीषण आग, ग्रामीणों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा



सालीवाला में पराली से भरे चलते ट्रॉले में लगी भीषण आग, ग्रामीणों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

सालीवाला। आज रात करीब 8:15 बजे संगरिया रोड पर पराली से भरे एक चलते ट्रॉले में अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया।

घटना के दौरान ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रॉले से पराली खाली कर ट्रैक्टर-ट्रॉले को सुरक्षित दूरी पर पहुंचाया। सूचना पर एसडीएम व थाना प्रभारी को अवगत करवाया गया। संगरिया नगरपालिका की दमकल भी मौके पर पहुंची।

आग लगने वाले स्थान के पास एक ढाणी और लकड़ियों से भरी कई ट्रॉलियां मौजूद थीं। तेज हवा के कारण आग आसपास फैलने का खतरा बना हुआ था। ग्रामीणों और राहगीरों के सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पाया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता ने संभावित नुकसान को टाल दिया।

— Yash karyani

संघर्ष महिला मंच ढाढोली गांव में 22 नवंबर 2026 वार रविवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया



संघर्ष महिला मंच ढाढोली गांव में 22 नवंबर 2026 वार रविवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

अलवर। जिला अंधता निवारण समिति अलवर के आर्थिक सहयोग से एवं महात्मा गांधी नेत्रालय, अलवर के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा रविवार, 22 नवंबर 2026 को ग्राम ढाढोली स्थित जगत कॉलोनी, मयूर होटल के पीछे संघर्ष महिला मंच निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया हैं

शिविर का समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में 105 महिला एवं पुरुषों की आंखों की निःशुल्क जांच की गई। साथ ही 33 मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का चयन कर महात्मा गांधी नेत्रालय, अलवर में निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन SICS एवं Phaco तकनीक से किया गया

शिविर में चयनित मरीजों के लिए रहने, खाने, आने-जाने तथा दवाइयों की निःशुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई गई।

इस शिविर का आयोजन सपना एनजीओ, विजय मंदिर, अलवर एवं संघर्ष महिला मंच के संयुक्त प्रयासों से किया गया आयोजकों ने क्षेत्र के सभी ग्रामीणों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर निःशुल्क नेत्र जांच एवं उपचार सुविधा का लाभ उठाया

संघर्ष महिला मंच स्टाफ मैनेजर रतन ,सहायक मैनेजर मोहन , चेयरपर्सन सरला,ममता ,कृष्ण कविता रेखा , डॉक्टर चंदन आदि उपस्थित हुए।

— Rohitash Kumar, अलवर

खेल

गंगापुर सिटी में सदभावना क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन, प्रमुख अतिथि उपस्थित



गंगापुर सिटी में सदभावना क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह आज आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों की बड़ी भीड़ ने हिस्सा लिया।

उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में मान्यवर उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डाला और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

समारोह के अंत में प्रतियोगिता के नियोजकों ने धन्यवाद ज्ञापन किया और आगामी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा की।

— Buddhi Prakash Mali

स्थानीय

करौली में बाल विवाह रोकथाम के लिए साथिनों की भूमिका पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



करौली। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति की रोकथाम एवं उन्मूलन में ग्रामीण स्तर पर कार्यरत साथिनों की भूमिका को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को महिला अधिकारिता विभाग, करौली में 'बाल विवाह की रोकथाम में साथिनों की भूमिका व उत्तरदायित्व' विषय पर एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय प्रशासन एवं प्रयत्न संस्था, करौली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक नेहा जोशी, जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक पवन गुप्ता तथा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भाग लिया। उन्होंने साथिनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा इसकी रोकथाम में उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

वक्ताओं ने बताया कि साथिनें ग्रामीण क्षेत्रों में समुदाय से सीधे जुड़ी रहती हैं। ऐसे में बाल विवाह की संभावनाओं की पहचान करने, समय रहते सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने तथा परिवारों एवं समुदाय को जागरूक करने में उनकी सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने साथिनों से अपने कार्यक्षेत्र में सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए बाल विवाह की रोकथाम के प्रयासों में सहयोग करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं क्षेत्र की साथिनों ने बाल विवाह मुक्त करौली के निर्माण का संकल्प लिया तथा इस सामाजिक कुरीति की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सहायक फजले अहमद एवं सहायिका फरीदा बानो, महिला अधिकारिता विभाग से सहायक लेखाधिकारी नईम खान, प्रयत्न संस्था की ओर से प्रोग्राम ऑफिसर पजरू खान सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

— Buddhi Prakash Mali

स्थानीय

चाची के अंतिम संस्कार से पहले 350 मरीजों की सेवा, डॉ. रामकृपाल मीणा की कर्तव्यनिष्ठा की हो रही सराहना



गुढ़ाचंद्रजी। डॉक्टर के पेशे की मानवीय सेवा और जिम्मेदारी का संकल्प साबित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. रामकृपाल मीणा ने सोमवार को अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण का उदाहरण पेश किया। डॉ. मीणा की चाची रजवंती का सोमवार प्रातः 7:30 बजे निधन हो गया था, जिससे घर में शोक का माहौल था। हालांकि, ऐसे कठिन समय में भी डॉ. मीणा ने अपने चिकित्सकीय दायित्व को नहीं भुलाया और अन्य दिनों की भांति अस्पताल पहुंचकर निर्धारित समय तक करीब 350 मरीजों की जांच और उपचार किया।

अस्पताल की छुट्टी के बाद ही डॉ. मीणा अपने घर पहुंचे, जहां उन्होंने शव को कंधा दिया और मोक्षधाम जाकर चाची के अंतिम संस्कार की रस्म पूरी करवाई। एक ओर परिवार में अपनों को खोने का दुख था, तो दूसरी ओर मरीजों के प्रति जिम्मेदारी; डॉ. मीणा ने इस कठिन परिस्थिति में भी अपने कर्तव्य को प्राथमिकता दी। क्षेत्र में डॉ. मीणा की इस कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभाव की चारों तरफ से सराहना हो रही है, जिसे अन्य चिकित्साकर्मियों के लिए भी प्रेरणादायक माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि इस अस्पताल में कुल तीन चिकित्सक कार्यरत हैं, जिनमें एक दंत चिकित्सक को बीसीएमओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जब दूसरी महिला चिकित्सक छुट्टी पर होती है, तो बचे एक चिकित्सक को अकेले ही मरीजों की देखभाल करनी पड़ती है। यहाँ करीब चार दर्जन गांवों के रोजाना 500 से 600 मरीज उपचार के लिए आते हैं, जिससे अस्पताल में भारी भीड़ रहती है और मरीजों को कई घंटे तक लाइन में खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है।

पिछले तीन दिनों में अमोल की घाटी में एक महिला और एक पुरुष के आत्महत्या के मामले में परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए करीब 22 घंटे का इंतजार करना पड़ा था। इस संदर्भ में भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोविंद सोनी और भाजपा की पूर्व मंडल महामंत्री ममता गोयल सहित अन्य नेताओं ने जिला कलक्टर और चिकित्सा मंत्री को ज्ञापन भेजकर अस्पताल में रिक्त पड़े पदों पर चिकित्सक नियुक्त करने की मांग की है।

— Buddhi Prakash Mali

बारमेर के मुनाबाव हाईवे पर हाथमा गांव में बाइक सवार को गंभीर चोट, 108 एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया



आज बाड़मेर से मुनाबाव हाईवे पर स्थित गांव हाथमा में एक बाइक सवार का एक्सीडेंट हुआ। दुर्घटना के कारण सवार को गंभीर चोटें आईं।

घायल व्यक्ति को देख कर गांव के ग्रामीणों ने तुरंत 108 नंबर की एम्बुलेंस को फोन किया और दुर्घटना स्थल पर एम्बुलेंस को बुलाया।

एंबुलेंस के आगमन पर घायल सवार को सावधानीपूर्वक एंबुलेंस में लादकर निकटतम अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय अधिकारियों ने घटना की सूचना प्राप्त कर आवश्यक सहायता प्रदान की।

— Jaswant singh

गांव में घुसे पैंथर को युवाओं ने डंडों से घेरा, उपचार के बाद जंगल में छोड़ा गया



बांसवाड़ा/गढ़ी: गांव में घुसे पैंथर को युवाओं ने डंडों से घेरा, उपचार के बाद जंगल में छोड़ा गया

गढ़ी वन नाका रेंज के उपला पाड़ा टिमूरवा गांव में रविवार सुबह करीब 7 बजे पैंथर दिखने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर रेंजर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची।

बताया जा रहा है कि पैंथर ने रात के समय एक बछड़े और बकरी का शिकार भी किया था। गांव में पैंथर को देखकर युवाओं ने डंडों से घेरकर उसे काबू करने का प्रयास किया, जिससे पैंथर घायल हो गया। इसके बाद वन विभाग ने पैंथर को गढ़ी रेंज लाया, जहां चिकित्सक जगदीश परिहार ने उसका उपचार किया। चिकित्सक के मुताबिक पैंथर की उम्र करीब एक वर्ष है। उपचार के बाद पैंथर स्वस्थ पाया गया और पिंजरे में सुरक्षित रखने के बाद आज उसे रिलीज कर दिया गया।

— Subhash Mehta

भिटवाड़ा में पल्स पोलियों अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न



भीटवाडा में पल्स पोलियो अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न

दो दिन में 255 बच्चों को पिलाई गई ज़िन्दगी की दो बूंद

आबूरोड से ब्यूरो रिपोर्ट संवाददाता चन्दन सिंह राव: आप देख रहे है need 24 news

जानकारी मिली नाथू सिंह भिटवाड़ा/ बाली

ग्राम पंचायत भीटवाडा में पल्स पोलियो अभियान के तहत दो दिवसीय अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के कुल *255 बच्चों* को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

पहले दिन - 45 बच्चे

दूसरे दिन - 210 बच्चे

गई। दूसरे दिन आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर अभियान को गति दी और एक ही दिन में 210 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई।

अभियान के दौरान अभिभावकों में काफी उत्साह देखा गया। माता-पिता अपने बच्चों को लेकर स्वयं बूथों पर पहुंचे। स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों को समझाया कि पोलियो की खुराक पूरी तरह सुरक्षित है और बच्चों को अपंगता से बचाने के लिए इसे हर बार पिलाना जरूरी है।

> "दो दिन में 255 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना हमारे गांव के लिए गर्व की बात है। मैं स्वास्थ्य विभाग, आशा सहयोगिनी और आंगनबाड़ी बहनों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ गांव की पहचान है।"

सरपंच

सुलक्षणा कुंवर का संदेश

> "एक माँ के रूप में मैं सभी माताओं से कहना चाहूंगी कि अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पोलियो की दो बूंद जरूर पिलाएं। यह दो बूंद ही हमारे बच्चों को जीवनभर की अपंगता से बचाती है। भीटवाडा की सभी माताओं और बहनों ने जिस तरह बढ़-चढ़कर भाग लिया, उसके लिए दिल से धन्यवाद।"

— Chandan Singh

ग्राम बगड़ राजपूत में हुआ नानी बाईरो माहिरों कार्यक्रम का शुभारंभ



गौर तलब है की ग्राम बगड़ राजपूत में नानी बाई को मायरो कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सरपंच अजीत सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। भूपेंद्र कृष्ण महाराज के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा जिसमें उपस्थित दौलतराम खंडेलवाल पंच पुष्पा पंच पति लोकेश कुमार पंच रोहिताश कुमार लाला बाबा अज्जू सिंह हिमांशु योगी पप्पू राम सीरिया मिस्त्री जगन प्रसाद शर्मा शुक्ल राम मीणा और भी बहुत से लोग मौजूद रहे

— Rohitash Kumar, अलवर

स्थानीय

हाथमा में बाइक दुर्घटना: सवार को सिर में चोट, बाड़मेर अस्पताल में भर्ती



आज हाथमा के पास में एक बाइक दुर्घटना हुई।

सवार को सिर में चोट लगी।

हाथमा के ग्रामीणों ने नजदीकी पुलिस चौकी पर सूचना दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को जिला बाड़मेर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

— Jaswant singh

सपोटरा में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक, सीएमएचओ ने दिए बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के निर्देश



सपोटरा ब्लॉक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा के लिए ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सीएमएचओ डॉ सतीश चंद मीना ने की। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

सीएमएचओ ने बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की पहचान एवं नियमित फॉलोअप, टीकाकरण, एचपीवी वैक्सीनेशन, एनसीडी स्क्रीनिंग तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक के दौरान सीएमएचओ ने चिकित्सा संस्थानों पर उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करने, स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आमजन को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीसीएमओ डॉ मनोज कुमार मीणा, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष पांडे, ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी यजुवेंद्र, चिकित्सा अधिकारी और अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

— Buddhi Prakash Mali

शाहपुरा मनोहरपुर से दौसा तक 62.20 KM सड़क का होगा चौड़ीकरण, NH-148 बनेगा 4-लेन*



जयपुर ग्रामीण।* क्षेत्र शाहपुरा के सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग-148 के मनोहरपुर-दौसा सेक्शन को पेव्ड शोल्डर के साथ 4-लेन बनाने के लिए ₹919.20 करोड़ की संशोधित लागत की निविदा जारी कर दी गई है।

इस परियोजना के तहत कुल *62.20 किलोमीटर* लंबे मार्ग को वर्तमान 2-लेन से अपग्रेड कर 4-लेन किया जाएगा।

परियोजना की ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया शुरू होने से क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी की उम्मीद जगी है। सड़क चौड़ी होने से जयपुर ग्रामीण सहित मनोहरपुर, दौसा और आसपास के कस्बों के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी, सफर तेज और सुरक्षित होगा और व्यापार व रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

— Mukesh Sharma

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गिरा, बस ने कुचला: करौली कैलादेवी मार्ग पर हादसा, परिजनों ने अस्पताल के बाहर जाम लगाया

करौली-कैलादेवी मार्ग पर गदका की चौकी के पास शनिवार शाम कार की टक्कर से बाइक सवार पुष्पेंद्र जाटव सड़क पर गिर गया। पीछे से आई बस ने उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों और स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल के बाहर जाम लगाया।

निवासी पुष्पेंद्र शनिवार शाम करीब 7:15 बजे बाइक से अपनी बहन से मिलने करसाई जा रहा था। गदका की चौकी से पहले सामने से आ रही सफेद कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने कार और बस जब्त कर ली हैं।

पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों और स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने और दोषी वाहन ड्राइवरों पर कार्रवाई की मांग की। सूचना पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर अस्पताल पहुंचे और लोगों को समझाया। इसके बाद जाम खोल दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

— Vipin Singhal

स्थानीय

करौली में पुलिस और युवाओं के बीच संवाद बढ़ाने हेतु "कॉग्निवीरा टी-20 टीम-2026" क्रिकेट प्रतियोगिता



करौली जिले में पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल की पहल पर "कॉग्निवीरा टी-20 टीम-2026" क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पाँच पुलिस सर्कल में 5048 युवाओं को जोड़ते हुए, थाना और सर्कल स्तर पर कुल 341 टीमें बनाई गईं।

इस पहल का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच केवल शिकायत या कार्रवाई के समय तक सीमित न रहकर, नियमित संवाद और भरोसे का ढांचा बनाना है।

पुलिस ने बताया कि जिले में पहले 5048 युवा सीएलजी सदस्यों का नेटवर्क तैयार किया गया था, जिससे 18 महीनों में चार इनामी हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद मिली।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से पुलिस-जन संबंधों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ युवाओं के बीच सामाजिक समन्वय को भी बढ़ावा देने की उम्मीद है।

— Vipin Singhal

जिले में अपराधियों की धरपकड़ में पुलिस का साथ देने वाले युवा अब क्रिकेट के मैदान में भी बनेंगे साझेदार



करौली | पुलिस और युवाओं के बीच संवाद बढ़ाने के लिए "कॉग्निवीरा टी-20 टीम-2026" क्रिकेट प्रतियोगिता कराई जाएगी। पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल की पहल पर जिले के पांच पुलिस सर्कल में 5048 युवाओं को जोड़ा गया है। प्रतियोगिता के लिए थाना और सर्कल स्तर पर कुल 341 टीमें बनाई गई हैं। आयोजन में सीएलजी नेटवर्क के युवाओं की भागीदारी प्रमुख रहेगी।

पुलिस के अनुसार यह पहल केवल खेल आयोजन तक सीमित नहीं है। मकसद यह है कि पुलिस और आमजन का संपर्क केवल शिकायत या कार्रवाई के समय तक न रहे। पुलिस युवाओं के साथ नियमित संवाद और भरोसे का ढांचा बनाना चाहती है। क्रिकेट को इस जुड़ाव का माध्यम बनाया गया है।

पुलिस ने बताया कि जिले में पहले 5048 युवा सीएलजी सदस्यों का नेटवर्क तैयार किया गया था। इसी नेटवर्क की मदद से हाल ही में करीब 18 महीने से फरार हत्या के चार इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद मिली थी। पुलिस

— Vipin Singhal

को कुचला, तीन मासूमों से छिना पिता का साया



घर में तीन छोटे बच्चों की किलकारियां थीं। परिवार को संभालने वाले 40 वर्षीय पुष्पेंद्र जाटव रोजमर्रा की जिम्मेदारियों में जुटे थे। शनिवार शाम वे करसाई में अपनी बहन से मिलने के लिए बाइक लेकर निकले। रास्ते में हुए एक हादसे ने पूरे परिवार की जिंदगी बदल दी। करौली कैलादेवी मार्ग पर गदका चौकी से महज 20-25 मीटर पहले सामने से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुष्पेंद्र सड़क पर गिरे ही थे। पीछे से आई बस उन्हें कुचलती हुई निकल गई। उनकी मौत के साथ ही 6 साल के जुड़वां बेटे विराट व बेटी रिमझिम तथा 3 साल की निहारिका के सिर से पिता का साया उठ गया। तीनों बच्चों को अभी पिता की जरूरत थी।

अब उनके बचपन में यह कमी हमेशा रहेगी। परिवार पर दुख के साथ बच्चों की परवरिश और भविष्य की जिम्मेदारी का संकट भी आ खड़ा हुआ है। भीमनगर पांडे का कुआं निवासी रामस्वरूप जाटव ने कोतवाली पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनका भतीजा पुष्पेंद्र, पुत्र सूरज जाटव, शनिवार 21 नवंबर को शाम करीब 7:15 बजे मोटरसाइकिल से करसाई में अपनी बहन से मिलने जा रहा थ

— Vipin Singhal

गोठड़ा की बेटी ने विश्वविद्यालय में लहराया परचम, मिला गोल्ड मेडल



समीपवर्ती गोठड़ा (दलपुरा) गांव की होनहार बेटी अंजली बाई बैरवा ने शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंजली ने राजस्थान विश्वविद्यालय की एमए (हिंदी) परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया है। उन्होंने 8.807 सीजीपीए के साथ यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता से परिवार सहित गुढ़ाचंद्रजी परिक्षेत्र और करौली जिले में खुशी का माहौल है।

अंजली बाई बैरवा, पुत्री भागचंद बैरवा, ने अपनी मेहनत, लगन, निरंतर अध्ययन के दम पर विश्वविद्यालय स्तर पर यह मुकाम हासिल किया है। राजस्थान विश्वविद्यालय की एमए (हिंदी) परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करना उनकी शैक्षणिक प्रतिभा और मेहनत को दर्शाता है। गोल्ड मेडल हासिल करने से उन्होंने अपने माता-पिता, गुरुजनों, गांव का गौरव बढ़ाया है। अंजली की सफलता की जानकारी मिलने के बाद परिजनों, रिश्तेदारों, ग्रामीणों और समाज के लोगों की ओर से उन्हें बधाइयां देने का सिलसिला जारी है। लोगों ने इस बेटि

— Vipin Singhal

गुढ़ाचंद्रजी-हिंडौन मार्ग पर टेपर और गड्ढों से कार पलटी, तीनों सवार सुरक्षित



बालघाट । गुढ़ाचंद्रजी-हिंडौन मार्ग पर खराब सड़क और

टेपर एक बार फिर हादसे की वजह बने। मोरडा गांव से नांगल शेरपुर की ओर जा रही यूनिस खान की अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। कार में सवार तीनों लोग सुरक्षित बताए गए हैं। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार सवारों को बाहर निकाला। सूचना पर बालघाट थाना प्रभारी मंजू फौजदार, एएसआई महेश चंद्र शर्मा और पुलिसकर्मी बने सिंह टीम के साथ

बालघाट ले जाया

गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत सामान्य बताई गई। हादस े के बाद ग्रामीणो ं ने सडक की स्थिति पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि यह सड़क करीब ढाई साल पहले बनी थी, लेकिन कई जगह टेपर बन े ह ैं और गड्ढे भी हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मार्ग पर रोज बड़ी संख्या में वाहन चलते हैं। टेपर के कारण वाहन असंतुलित हो जाते हैं। ग्रामीणो ं ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से निरीक्षण कर

तत्काल मरम्मत की मांग की।

— Vipin Singhal

करौली की यातायात पुलिस ने सड़क से ठेले हटवाए: पुरानी सब्जी मंडी और स्टेडियम के पास अतिक्रमण पर की कार्रवाई



करौली शहर मे ं यातायात व्यवस्था सुचारू बनान े के लिए यातायात पुलिस ने रविवार शाम अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने पुरानी सब्जी मंडी और मुंशी त्रिलोकचंद माथुर स्टेडियम के पास सड़क पर खड ़े े ठेले हटवाकर रास्ता खाली कराया। इस दौरान ठेला संचालकों और दुकानदारों को सड़क पर अस्थायी अतिक्रमण नहीं करने तथा यातायात मे ं बाधा नही ं डालने की हिदायत दी गई।

एनएच-23 और सब्जी मंडी मे ं हटवाए ठेले

यातायात पुलिस ने रविवार शाम मुंशी त्रिलोकचंद माथुर स्टेडियम के पास एनएच-23 पर कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे और रास्ते मे ं खड ़े े ठेले हटवाए। इसके अलावा पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र मे ं भी सड़क पर खड ़े े ठेलों को हटाकर आवागमन के लिए रास्ता खाली कराया गया।

— Vipin Singhal

करौली नगर परिषद के कर्मचारियो ं का कार्य बहिष्कार: 10 महीन े का मानदेय बकाया, बेमियादी हड़ताल पर गए अग्निशमन और सफाईकर्मी



करौली नगर परिषद में काम करने वाले अग्निशमन कर्मचारी, सफाई वाहन चालक और स्थाई रैन बसेरा कार्मिक करीब 10 महीन े का मानदेय बकाया होने से नाराज होकर बेमियादी कार्य बहिष्कार पर चले गए हैं। कर्मचारियो ं ने नगर परिषद प्रशासन से लंबित भुगतान जल्द कराने की मांग की है। उनका कहना है कि लंबे समय से वेतन नही ं मिलने के कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस साल दिवाली भी उन्हें बिना मानदेय के मनानी पड़ी।

तीन ठेका फर्मों के कार्यकाल का भुगतान अटका

उपाध्यक्ष सूरज डागर ने बताया कि अलग-अलग ठेका फर्मों के कार्यकाल का मानदेय बकाया है। भगत कंस्ट्रक्शन करौली पर अक्टूबर 2024 तक का चार माह का मानदेय बकाया है।

इसी तरह मैसर्स भारतीय ग्रामीण विकास सेवा संस्थान धौलपुर पर जनवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 तक करीब दो माह का मानदेय लंबित है। वहीं, मैसर्स चौधरी कंस्ट्रक्शन एवं सप्लायर्स दौसा पर अगस्त 2026 से

— Vipin Singhal

पीएम श्री स्कूल में मेगा पीटीएम, एसडीएमसी पुनर्गठन हुआ



सपोटरा कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल मे ं एसडीएमसी व एसएमसी बैठक हुई। मेगा पीटीएम का आयोजन हुआ। नई ग्राम पंचायत के पुनर्गठन के क्रम में स्कूल की एसडीएमसी का भी पुनर्गठन किया गया। नवगठित ग्राम पंचायत की समस्त कार्यकारिणी का तिलक कराया गया। माल्यार्पण किया गया। भव्य स्वागत हुआ। मेगा पीटीएम के साथ स्कूल में रन-ए-थॉन कार्यक्रम हुआ। इसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्रतियोगिताए ं तीन वर्गों में रहीं। ग्रुप ए में कक्षा 1 से 2 शामिल रहीं। ग्रुप बी में कक्षा 3 से 5 शामिल रहीं। ग्रुप सी में कक्षा 6 से 8 शामिल रहीं। हर प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान पान े वाले विद्यार्थियों को पानी की बोतल, लंच बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स सहित अन्य पुरस्कार दिए गए। एसडीएमसी प्रभारी मेघराज मंगल मौजूद रहे। रन-ए-थॉन प्रभारी हनुमान प्रसाद गुप्ता रहे। पीटीएम प्रभारी सुरता मीणा रहीं। समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

— Vipin Singhal

मनोहर सिंह भाटी



नगर परिषद फलौदी पर एयर स्ट्राइक की सूचना पर मॉक ड्रिल

ब्लैक आउट और आपातकालीन सायरन की आवाज सुनते ही सभी निजी और सार्वजनिक संस्थानों, घरों की रोशनी, रोड लाइट, परिवहन साधनों द्वारा रोशनी बंद रखकर राष्ट्रीय सुरक्षा के अभ्यास में अपना योगदान दें।

मॉक ड्रिल के दौरान घबराए नहीं अपितु सभी लोग इस अभ्यास को आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा से संबंधित जानकारी सीखने के अवसर के रूप में उपयोग करें।

जिला प्रशासन,फलौदी यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला से

— Manohar Singh

लिटाकर जलाने की कोशिश का गंभीर आरोप



आबूरोड में महिला को चूल्हे पर लिटाकर जलाने की कोशिश का गंभीर आरोप, आबूरोड से ब्यूरो रिपोर्ट संवाददाता चन्दन सिंह राव : परिवार की महिलाओ पर मारपीट का परिवाद गिरवर - चनार गाँव की चौहानफली में विवाद ने लिया हिंसक रूप, पीड़िता ने लाठी, डंडो से पीटने और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप, बेटे ने बनाया घटना का वीडियो आबूरोड क्षेत्र के गिरवर चनार गाँव की चौहानफली में परिवारिक विवाद को लेकर एक महिला के साथ कथित मारपीट और जान से मारने की कोशिश का गंभीर मामला सामने आया है! पीड़िता ने अपने ही परिवार की कुछ महिलाओ पर एकजुट होकर घर में घुसकर गाली गलौज करने, मारपीट करने,लाठी डंडो से हमला करने और चूल्हे पर लिटाकर आग से जलाकर जान से मारने का प्रयास करने के गंभीर आरोप लगाए है! घटना के बाद पीड़िता ने आबूरोड सदर थाने में लिखित परिवाद पेश कर आरोपित महिलाओ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है! परिवाद में पीड़िता मूली पत्नी कांतिलाल ग्रासिया निवासी चौहानो की फली, चनार ने बताया कि 16 नवम्बर 2026 की सुबह करीब 8 बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद थी! इसी दौरान उसके पति की रिस्तेदार महिलाए कठिन तौर पर एकजुट होकर उसके घर पहुंची और गाली गलौज शुरू कर दी! पीड़िता का आरोप है की इसके बाद महिलाओ ने उसके हाथ पैरो से मारपीट की तथा लाठी डंडो से पीठ और कमर पर वार किऐ! इससे उसके शरीर में अंदरूनी चौटे आई! चूल्हे पर लिटाकर जलाने का लगाया आरोप पीड़िता ने परिवाद में सबसे गंभीर आरोप लगाते हुऐ बताया कि मारपीट के दौरान महिलाओ ने उसे पकडकर चूल्हे पर लिटा दिया और आग से जलाकर जान से मारने का प्रयास किया! इस दौरान वह जोर जोर से चिल्लाने लगी! उसकी आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाली धुली पत्नी कांतिलाल मौके पर पहुंची और बिच बचाव कर उसे बचाया! पीड़िता के अनुसार, यदि समय रहते पड़ोसन मौके पर नहीं पहुँचती तो उसके साथ कोई बडी अनहोनी हों सकती थी! 'बेटे ने बनाया घटना का वीडियो, परिवार को मानसिक आघात 'परिवाद में पीड़िता ने यह भी बताया कि घटना के दौरान उसके बेटे मोती ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाया है! पीड़िता का कहना है! कि इस घटना को देखकर उसके परिवार और बच्चों को गहरा मानसिक आघात पहुंचा है! उसने आरोप लगाया कि घटना के बाद संबधित महिलाए उसे जान से मारने की धमकी देते हुऐ वहां से चली गईं! पीड़िता ने भविष्य में अपने साथ किसी अनहोनी की आशका भी जताई है! सदर थाने में परिवाद देकर लगाई न्याय की गुहार, पीड़िता मूली ग्रासिया ने आबूरोड सदर थाने में लिखित परिवाद पेश कर गोमी पत्नी गोखाराम, सुखी पत्नी चुनीलाल,सावली पत्नी वना,थावरी पत्नी चंदू, जीजा पुत्री चुनीलाल, और मोनकी पुत्री चुनीलाल के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है! साथ ही पुलिस से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है! अब इस पूरे मामले में पुलिस जाँच और आगामी कार्रवाई पर नजर रहेगी! परिवाद में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जाँच के बाद ही हों सकेगी!

स्थानीय

गंगापुर सिटी में स्वदेशी जागरण मंच ने स्थापना दिवस पर स्वदेशी एवं स्वरोजगार का संकल्प लिया



23 नवंबर 2026 को गंगापुर सिटी के स्वदेशी जागरण मंच ने अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष में भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एक मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों और स्वरोजगार को बढ़ावा देना तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति संकल्प लेना था।

मुख्य अतिथि के रूप में भगवती कॉलेज के डायरेक्टर श्रीमान अनुज जी शर्मा, प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत शर्मा और प्रभारी केशव जी गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की।

अनुज जी शर्मा ने विदेशी वस्तुओं के त्याग और स्थानीय उद्यमिता को अपनाने का आह्वान किया, जबकि मुख्य वक्ता इंजीनियर महेश गुप्ता सर्वेयर ने स्वदेशी जागरण मंच की भारतभर में चल रही आर्थिक, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के कार्यों पर प्रकाश डाला। मंच के 'स्वावलंबी भारत अभियान' के अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार व उद्यमिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है, साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे को समाज की प्रगति में बाधा बताते हुए युवाओं से स्वस्थ जीवन अपनाने का आग्रह किया गया।

कार्यकारिणी सदस्य रोहित गुप्ता और मुकेश बंसल ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और स्थानीय दुकानदारों से माल खरीदकर स्वरोजगार को बढ़ावा देने का संदेश दिया, और सभी से 'मैं भी हूं स्वदेशी समर्थक' का संकल्प लेने के लिए कहा।

कार्यक्रम में महेश गुप्ता सर्वेयर, गोपाल बैराड़ा, रोहित गुप्ता, मुकेश बंसल, मोहन शर्मा, डॉ गोविंद प्रसाद शर्मा, डॉ लक्ष्मण कुमार गुप्ता, विजय राज त्रिवेदी, गोपाल शर्मा, राकेश जैन, लोकेश शर्मा, डॉ मनीषा शर्मा, भावना खंडेलवाल, मोना मथुरिया, मनीषा श्रीवास्तव और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

— Buddhi Prakash Mali

स्थानीय

हांसपुर के वार्ड 6 में टूटी सड़क पर ग्रामीणों का रोष



हांसपुर के वार्ड नंबर 6 में स्थित सीसी सड़क, जो दो वर्ष से पड़ी है, अब तक मरम्मत नहीं हुई है।

इस सड़क पर निर्भर ग्रामीणों के लिए यात्रा कठिन हो गई है और कई बार दुर्घटनाएँ भी हुई हैं।

सड़क के रख-रखाव के लिए जिम्मेदार स्थानीय प्राधिकरणों ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ा है।

दर्ज कराई हैं और अब तक कोई ठोस समाधान नहीं मिला है।

— Mahendra Kumar Mitharwal

स्थानीय

शहर के राजगुरु सर्किल पर यातायात व्यवस्था इन दिनों बदहाल नजर आ रही है।



सुमेरपुर के राजगुरु सर्किल पर आड़े-तिरछे खड़े वाहन से लगता है जाम, आमजन परेशान

चाय की होटलों और दुकानों के बाहर आड़े-तिरछे खड़े रहते हैं वाहन, राहगीरों को घंटों जूझना पड़ता है परेशानी से

सुमेरपुर। शहर के राजगुरु सर्किल पर यातायात व्यवस्था इन दिनों बदहाल नजर आ रही है। सर्किल के आसपास स्थित चाय की होटलों और दुकानों के बाहर बाइक व मोटरसाइकिलें आड़े-तिरछे खड़े कर दिए जाने से सड़क पर आवागमन बाधित हो रहा है। इसके चलते आए दिन लंबा जाम लग जाता है और वाहन चालकों सहित राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

स्थिति यह है कि दुकानों और चाय की होटलों के बाहर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। ऐसे में एक साथ अधिक वाहन गुजरने पर यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है। कई बार लोगों को लंबे समय तक जाम में फंसे रहना पड़ता है।

हैरानी की बात यह है कि इस समस्या से आमजन रोजाना परेशान हो रहे हैं, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

अब सवाल यह उठता है कि क्या राजगुरु सर्किल की यह स्थिति दिखाई नहीं देती? क्या दुकानों के बाहर आड़े-तिरछे खड़े वाहनों पर कोई नियंत्रण नहीं है?

दुकानों के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग पर रोक लगाई जाए, तथा राजगुरु सर्किल पर नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि आमजन को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

— NARAYAN LAL